# उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय इलाहाबाद।

## संशोधित मानक (2016) –खाकी जैकेट

उत्तर प्रदेश के जवानों के लिए खाकी जैकेट **I (S), II (M), III (L)** एवं **IV (XL)** माप में उपलब्ध कराने हैं। जिनमें कि एक हुड वियोज्य **(Detachable)** होगा उसकी बनावट एवं आपूर्ति के सम्बन्ध में विस्तृत विवरण निम्नवत् है:–

### जैकेट में प्रयुक्त होने वाले कपडे एवं अन्य आइटमों के मानक

**1–** जैकेट में प्रयुक्त किया जाने वाला खाकी टेरीकाट/कोट काम्बेट क्लाथ डिफेन्स मानक आई0एन0डी0/टी0सी0/0043(बी0) के अनुसार होगा, परन्तु इसमें प्रिन्टेड खाकी फैब्रिक के स्थान पर मध्यम रंग के डाइड खाकी फेब्रिक का उपयोग किया जायेगा। कपडें में वाटर रिप्लेन्सी होना आवश्यक हैं।

**2–** बटन का मानक–IS–1461–2003 के अनुसार 24 लाइन (ligne) का होना चाहिये। सामने की पाकेट के शो बटन पर उत्तर प्रदेश पुलिस का मोनोग्राम होगा।

**3–** सिंलाई के धागे का मानक IS–9543–1980/1992 वैराइटी नं0–4 के अनुसार होगा।

**4–** बेल्को हुक एवं लूप टेप का मानक IS–8156–1994(‖ -रिवीजन के अनुसार होना चाहिये)

**5–** कार्ड नायलान का मानक जे0एस0एस0–4020–09–1999 रिवीजन नं0–1–की वैरायटी नं0–1 के अनुसार होना चाहिये।

**6–** जैकेट का भीतरी भाग (अस्तर) 100 प्रतिशत पालीफिल शीट के ऊपर विन्डशीटर (पॉलीएस्टर कपडें) को सिलकर तैयार किया जायेगा तथा बाहरी भाग के साथ मजबूती से सिला जायेगा। विन्डशीटर तथा पालीफिल का मानक निम्नवत् है:–

### पॉलीफिल का विशेष उल्लेख (SPECIFICATION)

| | | | |
|---|---|---|---|
| **1.** | रचना (Composition) | : | 100 प्रतिशत पॉलिस्टर |
| **2.** | वजन प्रति वर्ग मीटर (GSM) | : | 200 ग्राम ± 5% |
| **3.** | मोटाई (मि0मी0) न्यूनतम | : | 7 |
| **4.** | कम्प्रेशन से रिकवरी | : | 70% |
| **5.** | ऊष्ण प्रतिरोधिकता (थर्मल रजिस्टेन्स) | : | 2.3 (Togs) |

### विन्डसीटर का विशेष उल्लेख (SPECIFICATION)

| | | | |
|---|---|---|---|
| **1.** | रचना (Composition) | : | 100% प्रतिशत पॉलिस्टर |
| **2.** | ताना प्रति डेसी0मी0 | : | 400 ± 5% |
| **3.** | बाना प्रति डेसी0मी0 | : | 340 ± 5% |
| **4.** | वजन प्रति वर्ग मीटर (GSM) | : | 90 ± 5% |
| **5.** | जल रोधकता (Water repellency) | : | 90% रेटिंग (Spray Test) |
| **6.** | (a) ताने का अंक | : | 90 डेनियर |
| | (b) बाने का अंक | : | 120 डेनियर |

## विशिष्टियॉ :–

**I–** हुड में खाकी रंग की सिंथेटिक यार्न कार्ड लगी होनी चाहिये, कार्ड के दोनो सिरो पर मजबूत से प्लास्टिक कैप/टिप होने चाहिये।

**II–** कमर की पाकेट डबल पाकेट होगी अर्थात सामने एवं साइड में खुलेगी।

**III–** स्लीब पाकेट जैकेट के दाहिनी बाह पर लगायी जायेगी।

**IV–** जैकेट के भीतरी भाग में एक पाकेट होनी चाहिये। जो चेस्ट के बाए तरफ होगी।

**V–** आस्तीन की मोहरी पर बेल्को तथा बटन लगायी जायेगी।

**VI–** सिलाई हेतु धागा थ्री प्लाई का होना चाहिये।

**VII–** सिलाई के टांको का घनत्व 1 इंच में 9 टांके अपेक्षित हैं।

**VIII–** जैकेट के सामने की चेन ओपेन एण्ड फास्टनर के साथ होगी। सामने की जिप/चेन कालर के प्रारम्भ से नीचे तक लगायी जायेगी।

**IX–** चेस्ट एवं कमर पाकेट में काज के दोनो तरफ छोटे साइज की बेल्को लगायी जायेगी।

**X-** जॉकेट मे प्रयुक्त बाह्य खाकी फैब्रिक टेफलॉन फिनिश युक्त होना चाहिये और कपडे का वजन प्रति वर्ग मीटर 220 ग्राम ± 5% फिनिश के बाद अपेक्षित है एवं प्रयुक्त किया गया कपडा OEKO-TEX प्रमाणित होना चाहिये।

**XI-** खाकी कपडा में सेलोलोजिक एवं पॉलिस्टर भाग हेतु रंगाई के लिए क्रमशः Vat एवं Disperse dye प्रयुक्त की जानी चाहिए।

**XII-** बाह्य वस्त्र का खाकी रंग अनुमोदित नमूने के अनुसार होना चाहिये।

**XIII-** वस्त्र की सभी (Fastness) जैसे की वाशिंग, रबिंग, पसीना एवं Xenon light fastness की रेटिंग चार अथवा उत्तम होनी चाहिये।

**XIV-** पॉलिफिल के साथ प्रयुक्त किये जाने वाला विन्ड–सीटर वस्त्र क्रीम अथवा खाकी रंग का होना चाहिए।

**XV-** बॉह की मोहरी में भीतर की ओर 2×2 रिब खाकी रंग की कम से कम 2 इंच चौडाई की निटेड रिब अच्छी पकड के लिए सिंली होनी चाहिए।

**XVI-** उत्तर प्रदेश पुलिस का प्रतीक चिन्ह छाती के बांयी ओर लाल एवं नीले रंग की कढाई में होना चाहिए। जिसका माप 9×7 से0मी0 होना चाहिए एवं लाल एवं नीले रंग का भाग क्रमशः 5.5 से0मी0 एवं 3.5 से0मी0 होना चाहिए जो कि अनुमोदित नमूने के अनुसार हैं।

**XVII-** जॉकेट के पृष्ठ भाग में कन्धों के बीच दो सिल्वर कलर रिफ्लैक्टिव पट्टी जो कि एक इंच चौडाई की होगी के मध्य उत्तर प्रदेश पुलिस गहरे नीले रंग में मुद्रित होना चाहिए। यह छपाई कम से 10 धुलाई तक परिवर्तित न हो।

**XVIII-** मुद्रित अक्षरों की ऊॅचाई 6 से0मी0 एवं कुल लम्बाई 34 से0मी0 में वितरित होनी चाहिए।

**XIX-** दोनों कोहनी की गोलाई में 1 इंच चौडी रजत रंग की रिफ्लैक्टि पट्टी सिली होनी चाहिए।

**XX-** वस्त्र की जल रोधकता कम से कम 20 धुलाई तक परिवर्तित न हो।

**XXI-** खाकी हुड कार्ड की लम्बाई कम से कम 1 मीटर होनी चाहिए।

**XXII-** जॉकेट की सामने की चैन पीतल की होनी चाहिए।

**XXIII-** बटन के ऊपर उत्तर प्रदेश पुलिस का मोनोग्राम होना चाहिए।

**XXIV-** जॉकेट के भीतरी भाग में दो अतिरिक्त बटन टॉके हुये होने चाहिए।

**XXV-** पेन पॉकेट दाहिनी बॉह के ऊपर सिली होनी चाहिए।

**XXVI-** सभी ब्रेल्को खाकी रंग की होनी चाहिए।

**XXVII-** जॉकेट के बॉये भाग के भीतरी ओर 15×15 से0मी0 की जेब उसी वस्त्र की लगी होनी चाहिए।

**XXVIII-** बॉह की मोहरी को खोलने के समायोजन हेतु धातु बटन एवं ब्रेलको खाकी रंग की होनी चाहिए।

**XXIX-** मुख्य भाग की चैन को ढकने हेतु 7 से0मी0 चौडी पूरी लम्बाई में फैशन पट्टी अपेक्षित है। जिसे धातु की बटन द्वारा बन्द किया जा सके।

**XXX-** सभी रिफ्लैक्टिव टेप मानक EN20471 के अनुसार होने चाहिए।

**XXXI-** जैकेट की डिजाइन एवं सिलाई फील फिनिश एवं वर्कमैनशिप पुलिस मुख्यालय इलाहाबाद में उपलब्ध नमूने के अनुरूप होनी चाहिये। नमूना एवं ड्राइंग सिर्फ मार्ग दर्शन के लिये है। यदि नमूने एवं मानक में कुछ भिन्नता है तो मानक को आधार माना जायेगा।

**<u>निर्माण हेतु आवश्यक अपेक्षित सुविधायें</u>**

**i)** कम से कम 250 पावर चलित हैवी ड्यूटी सिलाई मशीने।

**ii)** पावर चलित कपडे की कटाई हेतु कटर।

**iii)** बटन एवं बटन होल सिलाई मशीन।

**iv)** हैवी ड्यूटी प्रेस सुविधा।

**v)** बार्टेक मशीन्स।

**vi)** निरीक्षण एवं बाण्ड रूम सुविधा।

**vii)** आवश्यक परीक्षण सुविधा।

**viii)** स्वतः वर्णित कपडे की वीविंग एवं प्रोसेसिंग की सुविधा अथवा एक वर्ष से प्रचलित कान्ट्रैक्चुअल एग्रीमेन्ट प्रमाण सहित उपलब्ध होना चाहिए। **(**Self-manufacturing & processing of specified cloth (basic used in jacket) or should have contractual agreement since last one year with other firm manufacturing specified cloth along with documentary proof of competent authority).

**ix)** उत्पादक द्वारा उत्पादक क्षमता का प्रमाण पत्र सहित उपलब्धता निहित है।

## खाकी जैकेट का संशोधित मानक (से0मी0 में)

| क0सं0 | जैकेट के बाहरी भाग की माप से0मी0 में | साईज |  |  |  | टालरेन्स |
|---|---|---|---|---|---|---|
|  |  | I (S) | II (M) | III (L) | IV (XL) |  |
| 1 | सामने की लम्बाई | 72 | 74 | 76 | 78 | ± 1 |
| 2 | पीछे की लम्बाई | 74 | 77 | 80 | 83 | ± 1 |
| 3 | सीने की चौडाई | 134 | 136 | 140 | 144 | ± 1 |
| 4 | कमर का घेरा | 134 | 136 | 140 | 144 | ± 1 |
| 5 | आस्तीन की लम्बाई | 63 | 64 | 66 | 68 | ± 1 |
| 6 | आर्म होल (राउण्ड में) | 28 | 30 | 32 | 34 | ± 1 |
| 7 | एल्बो (राउण्ड में) | 45 | 45 | 48 | 51 | ± 1 |
| 8 | आस्तीन की मोहरी (राउण्ड में) | 34 | 36 | 38 | 40 | ± 1 |
| 9 | कालर की लम्बाई | 48 | 50 | 52 | 54 | ± 1 |
| 10 | कालर की चौडाई | 8 | 8 | 8 | 8 | ± 0.5 |
| 11 | सोल्डर स्ट्रिप की लम्बाई (दो अदद) | 19 | 19 | 19 | 19 | ± 0.5 |
| 12 | सोल्डर स्ट्रिप की चौडाई (कन्धे के पास) | 6.5 | 6.5 | 6.5 | 6.5 | - |
| 13 | सोल्डर स्ट्रिप की चौडाई (बटन के पास) | 3.5 | 3.5 | 3.5 | 3.5 | - |
| 14 | चेस्ट पाकेट लम्बाई × चौडाई (दो अदद) | 15×15 | 15×15 | 15×15 | 15×15 | ± 0.5 |
| 15 | चेस्ट पाकेट के फ्लैप की चौडाई | 6.5 | 6.5 | 6.5 | 6.5 | - |
| 16 | साइड पाकेट चौडाई × गहराई (दो अदद)☐ | 25×20 | 25×20 | 25×20 | 25×20 | ± 1 |
| 17 | नीचे का दबाव (हेम) | 2.1 | 2.5 | 2.5 | 2.5 | - |
| 18 | चाक (तीरा) | 50 | 51 | 52 | 53 | ± 1 |
| 19 | हुड में बटन की संख्या | 4 | 4 | 4 | 4 | - |
| 20 | सामने की चैन की लम्बाई | 72 | 74 | 76 | 78 | - |
| 21 | चेस्ट पाकेट के ऊपर वेल्को लम्बाई × चौडाई | 14×2.5 | 14×2.5 | 14×2.5 | 14×2.5 | - |
| 22 | आस्तीन मोहरी के ऊपर वेल्को/पटटी की लम्बाई × चौडाई | 11×2.5 | 11×2.5 | 11×2.5 | 11×2.5 | - |
| 23 | दोनो साईड पाकेट के अन्दर पाकेट की लम्बाई | 16 | 16 | 16 | 16 | ± 0.5 |
| 24 | बाई तरफ भीतरी पाकेट की लम्बाई × चौडाई | 15×18 | 15×18 | 15×18 | 15×18 | ± 0.5 |
| 25 | दाहिनी आस्तीन पर पेन पाकेट की लम्बाई × चौडाई | 8×15 | 8×15 | 8×15 | 8×15 | ± 0.5 |
| 26 | सामने की पटटी की लम्बाई × चौडाई | 68×6.5 | 70×6.5 | 72×6.5 | 74×6.5 | ± 0.5 |

## जैकेट के हुड की माप से0मी0 में

| क0सं0 | माप | साईज |  |  |  | टालरेन्स |
|---|---|---|---|---|---|---|
|  |  | I (S) | II (M) | III (L) | IV (XL) |  |
| 1 | सामने की लम्बाई (माथे से गर्दन तक) | 37 | 37 | 37 | 37 | ± 1 |
| 2 | पीछे का घेरा (माथे से गर्दन तक) | 58 | 58 | 58 | 58 | ± 1 |
| 3 | हुड के निचले हिस्से की चौडाई | 57 | 57 | 59 | 61 | ± 1 |
| 4 | हुड के नायलान कार्ड की लम्बाई | 100 | 100 | 100 | 100 | ± 1 |
|  |  |  |  |  |  |  |
|  | Weight of Jacket | 1.2 kg | 1.25 kg | 1.3 kg | 1.38 kg | + 5% |